# घर–घर रेन वाटर हार्वेस्टिंग करवाने के लिए निगम चलाएगा अभियान

**भिलाईनगर।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में भूमि का जलस्तर बढ़ने के लिए नगर निगम भिलाई द्वारा रेनवाटर हार्वेस्टिंग लगवाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए जो मकान बना रहे हैं, उन्हें रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगवाना अनिवार्य होगा। नियमानुसार जो व्यक्ति मकान बनाने के लिए बिल्डिंग परमिशन भवन अनुज्ञा लेता है, उससे एफ.डी.आर के रूप में राशि निगम कोष में जमा करना पड़ता है। जब वह व्यक्ति भवन पूर्णता प्रमाण पत्र लेता है तो उसे अपने घर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगवाना अनिवार्य रहता है निगम के अधिकारी जाकर निरीक्षण करते है, उसके उपरांत ही उसे भवन पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय को सामाजिक संस्थाओं के लोगो ने बताया कि शुरू में भवन पूर्णता प्रमाण पत्र लेते समय रेन वाटर हार्वेस्टिंग लोगो द्वारा करवा लिया जाता है। जिसका फोटो निगम में जमा कर देते है, बाद में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को स्लैब डालकर बंद कर दिया जाता है। जबकि नियम यह है कि छत का पूरा पानी रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के अंदर जाना चाहिए, अतिरिक्त पानी ही बाहर निकलना चाहिए। नागरिक इसके प्रति संवेदनशील नहीं है। आयुक्त पाण्डेय ने भवन अनुज्ञा अधिकारी अरविंद शर्मा को निर्देशित किए हैं भवन पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान करने से पहले प्रत्येक घर का रेनवाटर हार्वेस्टिंग अच्छे से चेक किया जाए। कोई लापरवाही इसमें नहीं चलेगी अगर कोई व्यक्ति सिस्टमैटिक रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं बनवा पा रहा है। तो उसके जमा एफ.डी.आर से निगम भिलाई द्वारा नियमानुसार रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाकर दिया जावे, इसके लिए बराबर सर्वे किया जाए। सभी भवन स्वामी जिन्होंने रेनवाटर हार्वेस्टिंग हेतु राशि जमा कर निगम से भवन अनुज्ञा प्राप्त की है। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा सूचित किया जाता है कि 15 दिवस के भीतर रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम घर पर नहीं करवाया गया तो उनके एफ.डी.आर. की राशि जप्त कर लिया जाएगा। उसी राशि से उनके घर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाकर दिया जावेगा। इसके लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग करने वाली एजेंसी से संपर्क किया जा रहा है, जो गुणवत्तापूर्वक रेन वाटर हार्वेस्टिम सिस्टम को लगाने की योग्यता रखता हो। शासन का निर्देश है सभी शासकीय भवनों, कार्यालय एवं अन्य जगहों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अवश्य लगाया जाए और उसका बराबर देखरेख की जाए। ठीक ढंग से काम कर रहा है कि नहीं निगम के जोन की टीम अपने–अपने वार्डों में जाकर इसकी जांच करेगी और आवश्यकता अनुसार कार्रवाई करेगी। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग धरती के जलस्तर को बढ़ाने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग अवश्य लगाएं अपने घरों में। यह हम सबके लिए एवं आने वाली पीढ़ी के लिए बहुत ही आवश्यक है, पानी को बचाने के लिए।

